Baba’s Praise

30/3/2015

- अब बच्चे जानते हैं हम आत्माओं का बाप परमपिता परमात्मा हमको राजयोग सिखला रहे हैं।

- यहाँ तो बाप पढ़ाते हैं, मनुष्य से देवता बनाने।

- यह रूहानी पढ़ाई बाप एक ही बार आकर पढ़ाते हैं, नई दुनिया की स्थापना करने लिए।

- बाप कहते हैं मैं ब्रह्मा द्वारा आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना कर रहा हूँ।



- बाप आते ही हैं बच्चों के सब दु:खों को खलास कर 100 प्रतिशत सुख देने। कितना रहम करते हैं।

- बाबा हमारी भी कौड़ियां ले वहाँ महल दे देना। बाप कौड़ियों के बदले कितने रत्न देते हैं।

- अभी तुम बच्चे समझते हो हमको ज्ञान रत्न मिलते हैं, जिससे हमारी झोली भरती है। यह है बेहद का बाप।

- तुम बच्चे जानते हो बाप ही पतित-पावन है। वह आकर काम चिता से उतार ज्ञान चिता पर बिठाते हैं।वह है रूहानी बाप।



- बाप को खिवैया भी कहते हैं, गाते भी हैं हमारी नईया पार ले जाओ।

- बाप आये हैं सर्व का भला करने। रावण तो सबको दुर्गति में ले जाते हैं, राम सबको सद्गति में ले जाते हैं।

- बाप कौड़ियों के बदले रत्न देते हैं। ऐसे भोलानाथ बाप से अपनी झोली भरनी है।

- सर्व शक्तिमान् बाप को प्रत्यक्ष करने के लि एकाग्रता की शक्ति को बढ़ाओ